केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली–110002.
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.

**के.मा.शि.बो./शै./अ.नि.(अ.एवं न.)/2015** **परिपत्र संख्या. शैक्षणिक-44/2015**

**दिनांक : 6 अगस्त, 2015**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय:विद्युत मन्त्रालय एवं ऊर्जा दक्षता ब्यूरो-भारत सरकार द्वारा 'ऊर्जा संरक्षण' पर आयोजित 11वीं चित्रकला प्रतियोगिता 2015**

प्रिय प्रधाचानार्य/प्रधानाचार्या

विद्युत मंत्रालय, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के साथ मिल कर बच्चों में ऊर्जा संरक्षण की आदत पैदा करने के लिए राष्ट्रीय जागरूकता अभियान 2015 प्रारम्भ कर रहा है। इसका लक्ष्य बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस अभियान की मुख्य गतिविधियों में से एक गतिविधि विद्यालयी विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता है।

'ऊर्जा संरक्षण' पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2005 से तीन स्तरों पर अर्थात विद्यालय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है। वर्ष 2014 में देश के विभिन्न भागों से लगभग 60 लाख विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया जो चित्रकला प्रतियोगिता के इतिहास में एक रिकार्ड है। राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को 14 दिसम्बर को विद्युत, कोयला और नवीन एवं अक्षय ऊर्जा (स्वतंत्र प्रभार) के सम्मानीय केन्द्रीय राज्य मन्त्री द्वारा विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कृत किया गया था।

पात्रता: वर्ग 'A' के अन्तर्गत चौथी, पांचवी और छठी कक्षा के विद्यार्थी तथा वर्ग 'B' के अन्तर्गत सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

**विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता**

आप से निवेदन है कि आप अपने विद्यालय में वर्ग 'A' के अन्तर्गत चौथी, पांचवी और छठी कक्षा के विद्यार्थियों तथा वर्ग 'B' के अन्तर्गत सातवीं, आठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किसी भी कार्य दिवस पर 2 घण्टे की अवधि की एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करें। विद्यार्थी किसी भी आकार का पेपर प्रयोग कर सकते हैं, परन्तु अच्छा रहेगा कि वे A-4 साईज़ के पेपर के साथ पेन्सिल, रंगीन पेन्सिलों, क्रेयोन्स तथा पानी के रंगों का प्रयोग करे।

विद्यार्थी प्रतियोगिता हेतु निम्नलिखित विषयों में से किसी एक को चुन सकते हैं।

| वर्ग 'A' | वर्ग 'B' |
| --- | --- |

| | |
|---|---|
| ◈ ऊर्जा बचाएं, पर्यावरण बचाएं | ◈ अधिक घरों तक रोशनी पहुंचाने के लिए बिजली बचाएं |
| ◈ ऊर्जा क्षरण होने से भविष्य अन्धकारमय होता है। | ◈ क्रूर मत बनिए, ईंधन बचाइये |
| *कुकडू कूँ सूरज निकला, लाइट जलाएं क्यूँ | **एल०ई०डी० बल्ब एक सही सोच |

प्रतियोगिता होने के बाद प्रधानाचार्य वर्ग 'A' और वर्ग 'B' से दो-दो सर्वश्रेष्ठ चित्रों को चुन कर उन्हें प्रतिभागियों की कुल संख्या, को दोनों वर्गों में प्रतिभागियों के प्रतिशत के साथ, अपने राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र के सम्बन्धित नोडल अधिकारी को 30 सितम्बर 2015 तक भिजवा दें।

चित्र के पिछली ओर निम्नलिखित जानकारी देनी होगी।

| **विद्यार्थी का नाम** | **पिता/माता का नाम** | **स्तर** |
|---|---|---|
| रोल नं: | विद्यालय का नाम एवं पूरा पता | ग्रामीण अंचल का राजकीय विद्यालय (हां अथवा नहीं लिखिए) |
| राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र | विद्यालय का टेलिफोन नं:<br>मोबाइल नं: | विद्यालय के प्रधानाचार्य के हस्ताक्षर |

सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा राज्यवार नोडल अधिकारियों की सूचीwww.beeindia.inवेबसाइट पर उपलब्ध है। सूचित किया जाता है कि विद्यालय स्तर की चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक बच्चे को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्राप्त होगा, तथा चयनित सर्वश्रेष्ठ प्रथम एवं द्वितीय चित्रों को प्रतिभा प्रमाण पत्र (Certificate of Merit) प्रदान किया जाएगा, जिस पर सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के निदेशक के हस्ताक्षर होंगे। विद्यालयों से निवेदन है कि वे प्रतिभागी विद्यार्थियों की सूची अपने क्षेत्र के नोडल अधिकारी को अवश्य भिजवाएं। जिन विद्यालयों के शत-प्रतिशत विद्यार्थी चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेंगे, उन विद्यालयों का नाम ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा प्रकाशित पुस्तिका में शामिल किया जाएगा।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता**

विशेषज्ञों की समिति द्वारा, सम्बंधित राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र के प्रधानाचार्यों द्वारा वर्ग 'A' और वर्ग 'B' में प्रेषित सभी चित्रों में से 50 सर्वश्रेष्ठ चित्र चुने जाएगे और चुने गए विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता हेतु एक निर्धारित स्थान पर 6 नवम्बर 2015को 2 घण्टे की अवधि की चित्रकला प्रतियोगिता में आमन्त्रित किया जाएगा । चुने गए विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिन नोडल अधिकारी द्वारा 1000/- रुपये नकद दिए जाएंगे। विद्यार्थियों को यात्रा खर्च इस स्कीम में निर्धारित नियमानुसार दिया जाएगा।

राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र के विशेषज्ञों की समिति प्रतियोगिता के दिन ही निम्नलिखित पुरस्कारों के लिए दोनों वर्गों से 13-13 श्रेष्ठ चित्र चुनेगी जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों के राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी

| **क्रमांक** | **पुरस्कार** | **वर्ग 'A'** | **वर्ग 'B'** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| i | प्रथम | 20,000 रु० | 20,000 रु० |
| ii | द्वितीय | 15,000 रु० | 15,000 रु० |
| iii | तृतीय | 5,000 रु० | 5,000 रु० |
| iv | प्रोत्साहन (10 पुरस्कार) | 2,500 रु० | 2,500 रु० |

**राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता**

प्रत्येक राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र चित्रकला प्रतियोगिता के वर्ग 'A' के प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को उनके अभिभावक के साथ राष्ट्र स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में 12 दिसम्बर 2015 को दो घण्टे अवधि की प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आमन्त्रित किया जाएगा और प्रतियोगिता के परिणाम 14 दिसम्बर 2015 को घोषित किए जाएंगे।

वर्ग 'B' में प्रथम/द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेता चित्रों का मूल्यांकन दिल्ली में विशेषज्ञों की एक समिति द्वारा राष्ट्र स्तरीय पुरस्कारों हेतु किया जाएगा। वर्ग 'A' के 108 प्रतिभागियों को उनके दो-दो अभिभावकों सहित तथा वर्ग 'B' के 12 विजेताओं को उनके एक-एक अभिभावक के लिए रहने और खाने तथा स्लीपर/एसी चेयर कार/तृतीय एसी का आने जाने का रेल भाड़ा अथवा न्यूनतम दूरी के लिए बस किराया दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को फुटकर खर्च के लिए 1000 रु० नकद तथा एक प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

चयन समिति/निर्णायक मण्डल वर्ग, 'वर्ग A' से निम्नलिखित पुरस्कारों हेतु 23 सर्वश्रेष्ठ चित्र/पोस्टरों का चयन करेगा।

| क्रमांक | पुरस्कार | पुरस्कारों की संख्या | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| i | प्रथम पुरस्कार | 1 | 1,00,000 रु० |
| ii | द्वितीय पुरस्कार | 4 | प्रत्येक 50,000 रु० |
| iii | तृतीय पुरस्कार | 8 | प्रत्येक 25,000 रु० |
| iv | सांत्वना पुरस्कार | 10 | प्रत्येक 10,000 रु० |
| V | ऊर्जा दक्षता ब्यूरो सांत्वना पुरस्कार | 10 | प्रत्येक 10,000 रु० |

चयन समिति निर्णायक मण्डल वर्ग 'वर्ग B'से भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार विजेताओं में से निम्नलिखित पुरस्कारों हेतु 12 चित्रों का चयन करेगा।

| क्रमांक | पुरस्कार | पुरस्कारों की संख्या | पुरस्कार राशि |
|---|---|---|---|
| i | प्रथम पुरस्कार | 1 | 1,00,000 रु० |
| ii | द्वितीय पुरस्कार | 2 | प्रत्येक 50,000 रु० |
| iii | तृतीय पुरस्कार | 3 | प्रत्येक 25,000 रु० |
| iv | सांत्वना पुरस्कार | 6 | प्रत्येक 10,000 रु० |

**भारत में विद्यालयों के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र**

प्रत्येक राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग के लिए 70,000 रु० के नकद आकर्षक पुरस्कार (**36 राज्यों** और केन्द्र शासित क्षेत्रों के लिए **प्रत्येक वर्ग हेतु 25 लाख 20** हजार रुपये या दोनों वर्गों के लिए 50 लाख 40 हजार रुपये) 6 नवम्बर 2015 को प्रतियोगिता के दिन राज्य स्तरीय विजेताओं को वितरित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभागियों के दोनों वर्गों के लिए 10 लाख 35 हजार रुपये के प्रस्तावित नकद पुरस्कार 14 दिसम्बर 2015 को वितरित किए जाने हैं। इस दिन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। सरकार में उच्च पदों पर आसीन गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस प्रकार चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 60 लाख 75 हजार रुपये के पुरस्कार वितरित किए जाते हैं।

भाग लेने वाले प्रतिभागियों को, जिनकी सूची राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्रों के नोडल अधिकारियों को भेजी गई है, को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे।

**देश के बाहर स्थित विद्यालयों के लिए पुरस्कार और प्रमाण-पत्र:** भारत से बाहर स्थित भारतीय विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालयों के लिए वर्ग 'A' के अन्तर्गत विद्युत मंत्रालय और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा कला के क्षेत्र की नामचीन हस्तियों से बनी विशेषज्ञ समिति/निर्णायक मण्डल द्वारा निर्णय किया जाएगा।

I. प्रथम पुरस्कार - 500 अमरीकी डालर के समान राशि भारतीय रुपयों में

II. द्वितीय पुरस्कार - 300 अमरीकी डालर के समान राशि भारतीय रुपयों में

III. तृतीय पुरस्कार - 200 अमरीकी डालर के समान राशि भारतीय रुपयों में

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को भेजे गए चित्रों के प्रतिभागियों को ब्यूरो के महानिदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रशंसा पत्र भी भेजे जाएंगे। इन विद्यालयों से निवेदन है कि वे प्रत्येक वर्ग के अन्तर्गत दो श्रेष्ठ चित्रों को उपरोक्त जानकारी सहित सीधे ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, सेवा भवन, सेक्टर 1, आर०के० पुरम, नई दिल्ली-110 016 को प्रेषित करें।

बाहर स्थित विद्यालयों की प्रतियोगिता केवल विद्यालय स्तर तक ही होगी।

आपके विद्यालय की सक्रिय भागीदारी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को ऊर्जा संरक्षरण के महत्त्व के प्रति संवेदी बनाने एवं शिक्षित करने में बड़ी सहायक होगी, जो देश में ऊर्जा संरक्षण अभियान को आगे बढ़ाने में एक बड़ा कदम होगा।

अधिक जानकारी के लिए आप श्री सन्दीप सेठी, शिक्षा अधिकारी, 17 राऊज़ एवेन्यु, नई दिल्ली-110 002 से दूरभाष नं: 011-23217128 पर अथवा eo_ss@cbseacademic.in पर ई-मेल से संपर्क कर सकते हैं जिसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को भेजी जानी चाहिए।

आपके सहयोग की अपेक्षा के साथ

आदर एवं शुभकामनाओं सहित

भवदीया

**सुगंध शर्मा**
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह।
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु।
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**